भारत सरकार
सहकारिता मंत्रालय

**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 2088**
बुधवार, 19 मार्च, 2025 (28 फाल्गुन, 1946 (शक) को उत्तरार्थ

**प्राथमिक सहकारी समितियों और उनके सदस्यों का आर्थिक सशक्तिकरण**

2088. श्री रामभाई हरजीभाई मोकरिया :

क्या **सहकारिता** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या रुपे किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) और माइक्रो एटीएम वितरण अभियान प्राथमिक सहकारी समितियों और उनके सदस्यों का आर्थिक सशक्तिकरण कर सकते हैं;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) क्या उक्त अभियान के तहत प्राथमिक सहकारी समितियों के सदस्य अपने कहते सहकारी बैंकों में खुलवा रहे हैं?

**उत्तर**

सहकारिता मंत्री
(श्री अमित शाह)

(क) से (ख) जी हां । प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए " सहकार से समृद्धि" के मंत्र के माध्यम से देश में समृद्धि प्राप्त करने के लिए , **' सहकारिता में सहकार' को बढ़ावा देने के लिए 21 मई 2023 को** गुजरात के बनासकांठा और पंचमहल डीसीसीबी में 'सहकारिता में सहकार' पर **एक पायलट परियोजना शुरू की गई।** पायलट प्रोजेक्ट की सफलता के बाद, 15 जनवरी, 2024 को गुजरात के सभी जिलों में 'सहकारिता में सहकार' पर एक राज्यव्यापी अभियान शुरू किया गया। पायलट प्रोजेक्ट के अनुभवों के आधार पर 'सहकारिता में सहकार' अभियान के राष्ट्रव्यापी कार्यान्वयन के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया ( एसओपी) तैयार की गई और 19.09.2024 को लॉन्च की गई।

अभियान के उद्देश्यों में प्राथमिक डेयरी सहकारी समितियों (पीडीसीएस) और अन्य गैर-ऋण सहकारी समितियों को माइक्रो एटीएम वितरित करना शामिल है , ताकि प्राथमिक कृषि ऋण समितियाँ (PACS), पीडीसीएस और अन्य सभी सहकारी समितियों के सभी सदस्यों को घर-घर बैंकिंग सेवाएं प्रदान करके व्यापार करने में आसानी, पारदर्शिता और वित्तीय समावेशन सुनिश्चित किया जा सके , जिससे सामाजिक-आर्थिक पिरामिड के निचले स्तर पर रहने वाले लोगों तक पहुंच बढ़े । अभियान के तहत, पीएसीएस, पीडीसीएस और

अन्य सहकारी समितियों के सभी सदस्यों को शून्य या कम ब्याज दर (ब्याज छूट ) पर रियायती ऋण सुविधा प्रदान करने के लिए रुपे किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) भी वितरित किए जा रहे हैं ।

(ग) इसके अलावा, अभियान का एक उद्देश्य सभी पीएसीएस, पीडीसीएस और अन्य सहकारी समितियों को जिला केंद्रीय सहकारी बैंक (डीसीसीबी)/राज्य स्तरीय सहकारी बैंक ( एसटीसीबी ) के साथ जोड़ना है ताकि उन्हें विभिन्न बैंकिंग सेवाएं प्राप्त करने में सक्षम बनाया जा सके।

राष्ट्रव्यापी अभियान के अंतर्गत अब तक की उपलब्धियां इस प्रकार हैं:

- 27 लाख से अधिक जमा खाते खोले गए;
- (पीडीसीएस) और अन्य गैर-ऋण सहकारी समितियों को 9915 माइक्रो एटीएम वितरित किए गए; और
- सहकारी समितियों के 32 लाख से अधिक सदस्यों को RuPay KCC वितरित किया गया।

*****